53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.0°c अधिकतम 35.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:03, सूर्यास्त - 6:40 | वर्ष : 53/ अंक : 94 | रविवार, 06 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

गलत व्यक्ति कितना भी मीठा बोले
एक दिन आपके लिए बीमारी बन जाएगा
और एक अच्छा व्यक्ति कितना भी कड़वा लगे
एक दिन औषधि बनकर काम आएगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

हमारी सरकार बनेगी तो वक्फ विधेयक लागू नहीं होने दिया जाएगा : तेजस्वी यादव



ये कोई योजना नहीं है कानून है...... पूरे देश में लागू होगा......

# खटाई में पड़ा चौपाटी चाट बाजार, विरोध में आए ठेला दुकानदार

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** टाउन हॉल के बाहर लगने वाला चौपाटी चाट बाजार का ठेका 31 मार्च को समाप्त हो गया था। उक्त चाट बाजार के टाउन हॉल के बाहर लगने से सड़कों पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। चौपहिया वाहन तो छोड़ो दुपहिया वाहन का निकलना भी दूभर हो जाता है। ऐसे में पालिका द्वारा सड़क पर चलने वाले आमजन की परेशानी को देखते हुए उक्त ठेका आगे न देने का निर्णय लिया गया था। जैसे ही इस बात का पता टाउन हॉल के बाहर खड़े ठेका दुकानदारों को लगा तो वे तुरन्त नगर पालिका के विरोध में उतर गए और आज उक्त मामले में जमकर पालिका प्रांगण में ही जमकर प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने अपना तर्क रखते हुए कहा कि वर्षों से वे इस चाट बाजार से ही अपना घर पाल रहे हैं और यदि नगर पालिका इस ठेके को आगे नहीं छोड़ेगी तो उनके सामने रोजगार का संकट पैदा हो जाएगा और परिवार पलने मुश्किल हो जाएंगे। आपको बता दें कि उक्त चाट बाजार में आइस्क्रीम, चाऊमीन, बर्गर, चाट, मोमोज आदि खाद्य पदार्थों के ठेले लगने के साथ-साथ रेडीमेड गार्मेंट्स व अन्य छोटे दुकानदार भी काम करते हैं। ऐसे में उक्त चाट बाजार को नगर पालिका खत्म करेगी या नहीं, अब यह मामला खटाई में पड़ गया है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका इस मामले में पीछे हटती है या दुकानदारों को पीछे हटाती है। पालिका प्रांगण में प्रदर्शन करने वालों में निखिल, पंकज, मोनू, प्रमोद, मौहम्मद सुलेमान, ईश कौशल, राजपाल, देवेंद्र, जोगिंदर, चतरपाल, आशू कुमार, शहजाद, करण कुमार, विवेक, रजत सैनी, अभिषेक सैनी, फारुक काबिल, मर्थक, अतुल, सुलतान, राजू, अंकुर, असलम आदि मौजूद रहे।



## चौपाटी चाट बाजार लगा तो जाम से कैसे मिलेगी निजात

**मुजफरनगर। पालिका ने यदि ठेला दुकानदारों के विरोध के बाद उनकी बात मान भी ली तो आखिर रोजाना शाम को लगने वाला जाम किस तरह से दूर हो पाएगा। शहर तो पहले से ही जाम से जूझता चला आ रहा है। झांसी की रानी हो या शिवचौक पूरा दिन लोग इन सड़कों पर जाम में ही फंसे रहते हैं और शाम होते ही रही सही कसर टाउन हॉल के बाहर लगने वाला चाट बाजार पूरी कर देता है, जहां से पैदल तक लोगों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में पालिका असमंजस की स्थिति में फंस गयी है कि वह दुकानदारों का भला करे या सड़कों पर जाम से जूझने वाले आमजन की समस्या सुने। माना जा रहा है कि जल्द ही इसकी गेंद प्रशासन के पाले में फेंक दी जाएगी। अब देखना यह होग कि आखिर इस मामले में प्रशासन क्या करता है? फिलहाल नगर पालिका के लिए यह नया सिरदर्द खड़ा हो गया है।**

## चाट बाजार हटवाने से पहले नगर पालिका को बाजार लगाने के लिए देना चाहिए बेहतर विकल्प?

### सोल्जर बोर्ड या टाउन हॉल के छोटे पार्क में भी लगवाया जा सकता है चाट बाजार

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** यह बात सच है कि टाउन हॉल के बाहर से यदि चाट बाजार हटता है, तो वास्तव में हजारों लोगों का नुकसान होता दिखाई देगा और उस नुकसान की भरपाई कौन करेगा यह सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पालिका ने उक्त मामले में चाट बाजार के दुकानदारों से यह सहमति नहीं बनाई कि आखिर जब चाट बाजार यहां से हट जायेगा, तो उसे विकल्प के रूप में कहां रखा जायेगा। प्रशासन की मंशा माने तो वह कम्पनी बाग के बाहर उन्हें स्थापित करना चाहती है, मगर सच तो यह है कि कम्पनी बाग के बाहर का माहौल शाम होते ही कैसा हो जाता है, शायद बताने की आवश्यकता नहीं है। हो ना हो नगरपालिका को शहर के बीचोबीच जहां चारों तरफ का आदमी पहुंच सके वहीं उसका विकल्प देना होगा, तभी जाकर उक्त चाट बाजार हट पायेगा। नहीं तो दुकानदारों के साथ-साथ इस चोपाटी चाट बाजार पर रोजगार करने वाले दुकानदार तो भटकेंगे ही मगर तरह-तरह के व्यजनों के चटकारे लेने वाले चटोरे भी इधर-उधर भटकते दिखाई देंगे और जब उन्हें शहर के बीचोबीच अपने चटोरपने के व्यंजन नहीं मिलेंगे तो वें परेशान दिखाई पड़ेंगे, ऐसे में नगरपालिका को इस चाट बाजार का चटोरों और दुकानदारों की समस्या समाते हुए शहर के बीच में ही कहीं अन्य जगह स्थान देकर समाधान निकालना ही होगा। नगरपालिका ठीक समो तो बीच सड़क पर लगने वाला चाट बाजार, टाउन हॉल के अन्दर छोटे पार्क में भी ले जा सकता है या फिर सोल्जर बोर्ड से इजाजत लेकर जिस तरह से वहां गर्म कपड़ों का बाजार लगाया जाता है, उसी तरह चाट का बाजार भी लगवाया जा सकता है।

# वक्फ संशोधन बिल को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी, अस्तित्व में आया नया कानून

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल अब कानून बन गया है। संसद से पास होने के बाद वक्फ संशोधन बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा गया था, जिसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के साथ ही वक्फ बिल अब कानून बन गया। अब नए वक्फ कानून को पूरे देश में लागू किया जाएगा। फिर इसके अनुसार आगे की सभी प्रक्रियाएं होंगी। मालूम हो कि वक्फ संशोधन बिल को पहले लोकसभा में पेश किया गया था, जहां लंबी चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल, 2025 के समर्थन में 288 और विरोध में 232 वोट पड़े हैं। फिर 3 अप्रैल को वक्फ बिल को राज्यसभा में पेश किया गया था। राज्यसभा में भी इस संशोधन बिल पर लंबी चर्चा हुई। सत्ता पक्ष के नेताओं ने इस बिल की जरूरत को बताया, जबकि विपक्ष ने इसे अल्पसंख्यकों का अधिकार छीनने वाला कानून बताया। लंबे बहस के बाद राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल 2025 के समर्थन में 128 वोट पड़े, जबकि इसके विरोध में 95 वोट पड़े। दोनों सदनों से पेश किए जाने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा गया था। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब इसका गजट प्रकाशित कर दिया गया है।



# काली पट्टी बांधने वाले अब 300 लोग हुए मुचलका पाबंद

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार को प्रशासन द्वारा 24 ऐसे लोगों को 2-2 लाख रुपये का मुचलका पाबंद किया गया था, जिन्होंने वक्फ संशोधन बिल आने से पहले 29 मार्च को जुमे की नमाज के दौरान काली पट्टी बांधकर बिल का विरोध जताने का प्रयास किया था। विरोध जताने वालों को तब शायद यह आभास तक नहीं था कि उक्त हाथ पर काली पट्टी बांधना उन्हें इतना भारी पड़ जाएगा कि 2-2 लाख रुपये का मुचलका पाबंद होना पड़ेगा। कल तो सिर्फ 24 नमाजियों को ही मुचलका पाबंद किया गया था, मगर शनिवार को एकाएक प्रशासन द्वारा 300 लोगों के विरुद्ध यह



कार्यवाही अमल में लाई गयी। 300 लोगों को और मुचलका पाबंद कर देने से मुस्लिम समाज में रोष बढ़ता दिखाई दिया। उनका कहना है कि यह सरकार उनका गला घोंटने का काम कर रही है और वीडियोग्राफी के दम पर प्रशासन ने इतनी बड़ी संख्या में मुचलका पाबंद करके यह एहसास करा दिया है कि देश में अब विरोध करने का भी माहौल नहीं रहा। सरकार दिन पर दिन मुसलमानों का गला घोंटने का काम कर रही है, यह वास्तव में लोकतंत्र की हत्या है। बेशक मुसलमान इस जुल्म को बर्दाश्त कर लेंगे मगर ऐसे जुल्मों को वे हमेशा याद रखेंगे और समय आने पर इसका माकूल जवाब देंगे। फिलहाल सरकार को जो करना है वह कर ले। कुल मिलाकर आज पुनः 300 लोगों के मुचलका पाबंद होने से मुस्लिम समाज में हड़कम्प व रोष है।

# पूर्व विधायक शाहनवाज राणा भेजे गए चित्रकूट जेल

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार की रात एकाएक जीएसटी चोरी के मामले में बंद शाहनवाज राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच चित्रकूट जेल भेजा गया। इसकी सुरसुराहट शुक्रवार को दिन में ही होने लगी थी, मगर प्रशासन ने गुपचुप तरीके से देर रात को शाहनवाज राणा को चित्रकूट जेल के लिए रवाना कर दिया। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर को पूर्व सांसद कादिर राणा की फैक्ट्री में जीएसटी टीम की छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। उनके साथ साथ परिवार के अन्य लोगों पूर्व सांसद की दो बेटियों व भतीजे सद्दाम राणा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में सभी को जमानत मिल गयी मगर घटना के पांच दिन बाद पूर्व विधायक शाहनवाज राणा पर जीएसटी चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया और उन्हें 120-बी का मुजरिम बनाया गया। वर्तमान में पूर्व विधायक इसी मामले में बंद हैं। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही जेलर ने शाहनवाज राणा पर जान से मारने की धमकी का आरोप भी लगाया था। जेलर राजेश सिंह का बताना था कि उनके पास से काले रंग का मोबाइल जेल में ही मिला था। इस सम्बंध में जब उनसे पूछताछ की गयी तो उन्होंने जेलर को ही धमकी दे डाली, जिसका मुकदमा नई मण्डी कोतवाली में दर्ज कराया गया और शुक्रवार को डीजी जेल ने भी जेल का निरीक्षण किया था। इसके तुरन्त बाद ही शाहनवाज को चित्रकूट भेजने की तैयारी शुरू हो गयी थी। इस मामले में जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी का कहना है कि पूर्व विधायक को शासन के आदेश पर चित्रकूट जेल में ट्रांसफर किया गया है।



## मोबाइल बरामदगी के मामले में पुलिस को मिला रिमांड

**मुजफ्फरनगर।** जेल से मोबाइल बरामदगी प्रकरण में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के चित्रकूट जेल में जाने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उनकी पेशी भी हुई। नई मण्डी कोतवाली पुलिस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही मोबाइल बरामदगी के मामले में रिमांड भी दे दी गयी। इस मामले में नई मण्डी पुलिस कोर्ट में रिमांड लेकर पहुंची थी। इसी कारण कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही उनकी पेशी कराई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुलिस को रिमांड मिल गया है। मोबाइल बरामद प्रकरण में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई के लिए 7 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है।


S.S.K. PUBLIC SCHOOL
A Senior Secondary Co-ed. School (Affiliated to C.B.S.E., Delhi)

S.S.K. CONVENT SCHOOL
(Affiliated to A.I.S., Lucknow)




SALIENT FEATURES :
- English Environment
- Games and Sports
- Labs-Physics, Chemistry, Bio., Maths. & Composite Lab
- Well Stocked Library
- Music-Cultural Activities
- Conveyance Facility
- Vast Playground
- Smart Class

4th Km. Roorkee Road, Muzaffarnagar (U.P.)
Mob. : 9368417636 E-mail : sskpublic@gmail.com




SALIENT FEATURES :
- Emphasis On Spoken English
- Smart Class
- Games And Sports
- Labs-Computer Lab, Science Lab
- Well Stocked Library
- Conveyance Facility
- Equipped With All The Modern Facilities

Sibling Discount

Gandhi Colony, Lane No. 15-16, Muzaffarnagar
Mob. : 9412212246 E-mail : sskconvent@gmail.com


## शाहनवाज की पृथक बैरक से मिले मोबाइल मामले में एक बंदी सस्पेंड, 4 पर जल्द होगी कार्यवाही

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** लगभग दस दिन पूर्व जिला जेल से पूर्व विधायक शाहनवाज राणा से एक काले रंग का मोबाइल उनके पृथक बैरक से जेल प्रशासन ने बरामद किया था, जिसके बाद जेल प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो गये थे। मीडिया ने सवाल उठाये थे कि जब शाहनवाज की पृथक बैरक में मोबाइल पहुंच सकता है तो इसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा। जेल प्रशासन ने उक्त मामले में उसके बाद से जांच शुरू कर दी थी, जिसमें शुक्रवार को डीजे जेल के जाने के बाद कार्यवाही करते हुए एक बंदी को सस्पेंड कर दिया गया, जबकि चार के खिलाफ अगले एक से दो दिन में कार्यवाही होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। बस देखना यह होगा कि जेल अधिकारी कब तक अगले चार बंदियों पर कार्यवाही अमल में लायेंगे।

## माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति

**।।सिद्धिदात्री।।**



सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर


GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi

ADMISSIONS OPEN 2025-26
PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)




"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"

- ★ Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- ★ Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- ★ 100% Board Result of Class X and XII
- ★ Focus on Effective Communication Skills
- ★ Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
- ★ Transport Available on All Routes

- NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
- SIBLING DISCOUNT

Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm

PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620
Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar



GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL
Muzaffarnagar
Estd. 1985
(Affiliated to C.B.S.E.)
Affiliation No. 2130110

40+ years of Excellence In Education

ADMISSIONS OPEN 2025-26
In class IX & XI (Commerce,Medical&Non-Medical)
Few seats are available in classes Play to VIII

AC Class Rooms upto U.K.G.

DISCOVER INNOVATION IN EDUCATION
- # Focus on Academic Foundation
- # Brain Gym induced Pedagogy
- # Global Education with Indian Values
- # Following N.C.E.R.T. Books

Prospectus are available in the office between 7:30 a.m. and 2:30 p.m.

JR. WING : New Mandi ✆ 8899102141

SR. WING : Near Naveen Mandi Sthal ✆ 8899402549





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बंगाल का शिक्षक भर्ती घोटाला

पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में अच्छी-खासी उथल-पुथल है। ममता बनर्जी घिरी हुई हैं। शिक्षकों की भर्ती में अनियमितताओं ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री और ममता बनर्जी के एक भरोसेमंद सहयोगी सहित पार्टी के कई बड़े नेता जेल में हैं। राज्य में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं और उससे पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बीजेपी और अन्य विपक्षी दलों ने बड़ा मुद्दा बना लिया है। राज्य के विपक्षी दलों ने मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की है। दूसरी ओर, ममता बनर्जी ने कहा है कि वह अदालत का सम्मान करती हैं, लेकिन इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। ममता बनर्जी के इस बयान की निन्दा की जा रही है। विधानसभा चुनाव में किसी तरह के सियासी नुकसान की आशंका को देखते हुए ममता बनर्जी इस मामले में कानूनी विशेषज्ञों से बात कर रही हैं और वह अदालत के फैसले से प्रभावित हुए शिक्षकों से 7 अप्रैल को मुलाकात करेंगी। ममता ने उन्हें हरसंभव मदद की पेशकश की है। ममता बनर्जी ने कहा है कि सरकार उनके साथ खड़ी है और इस वजह से उन्हें जेल भी भेजा जा सकता है, लेकिन लोग परेशान न हों। बंगाल में ममता विरोधियों का कहना है कि उनके बयान से साफ है कि वे इस घोटाले के बारे में ए से लेकर जेड तक सभी कुछ जानती हैं। ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी साल 2011 से लगातार पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने राज्य में सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत लगाई थी, लेकिन फिर भी पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की थी। उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में भी टीएमसी की सीटें बढ़ी और बीजेपी की कम हुई थीं। टीएमसी के एक नेता का कहना है कि पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान हाई कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में आदेश दिया था, लेकिन इसका चुनाव नतीजों पर कोई असर नहीं हुआ। उल्टा पश्चिम बंगाल में बीजेपी की लोकसभा सीटें 2019 में 18 से घटकर 12 रह गई और इस बार भी हमें ऐसा नहीं लगता कि इसका कोई असर वोटर्स पर पड़ेगा। ममता बनर्जी की सरकार को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में हुए बलात्कार और हत्या के मामले में लोगों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था और यह भी ममता सरकार के लिए एक मुश्किल वक्त था। न सिर्फ बीजेपी बल्कि कांग्रेस की ओर से भी ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार कहते हैं कि ममता सरकार को एक और दिन भी सत्ता में नहीं रहना चाहिए। इसी तरह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी ममता बनर्जी पर हमलावर हैं। ममता बनर्जी सरकार लोगों को यह भरोसा दिलाने की पूरी कोशिश कर रही है कि वह लोगों के साथ खड़ी है, लेकिन फिर भी बीजेपी और विपक्षी दलों ने इसे जिस तरह मुद्दा बनाया है, उससे पार्टी के लिए मुश्किल जरूर खड़ी हुई है। देखना होगा कि क्या बीजेपी और विपक्षी दल अगले साल मई में पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव तक इस मुद्दे के सहारे ममता बनर्जी के लिए मुसीबत खड़ी कर पाएंगे। कहा यह भी जा रहा है कि इस बार ममता की राह आसान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल के करीब 26 हजार शिक्षकों और गैर शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखने के फैसले के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। केंद्रीय मंत्री और भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि ममता बनर्जी हरियाणा के पूर्व मुख्यमन्त्री ओमप्रकाश चौटाला के बाद शिक्षकों की भर्ती मामले में जेल जानेवाली दूसरी मुख्यमन्त्री होंगी। मजूमदार ने कहा कि लगभग 26 हजार भर्ती में से करीब 20 हजार का चयन वास्तव में किया गया, जबकि अन्य को राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित रूप से रचे गये घोटाले से लाभ मिला। उन्होंने बर्खास्त किये गये योग्य कर्मचारियों को सरकार द्वारा सत्तारूढ़ पार्टी के कोष या मुख्यमन्त्री राहत कोष के माध्यम से वेतन का भुगतान किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बर्खास्त योग्य कर्मियों और उनके परिवारों को अंधकारमय भविष्य का सामना करना पड़ रहा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सरकार को भ्रष्ट तरीके से भर्ती हुए उम्मीदवारों की पहचान करने का सुझाव दिया था, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इस वजह से सभी उम्मीदवारों की नियुक्ति समाप्त कर दी गई। सरकार को वास्तविक उम्मीदवारों का भविष्य बचाने के लिए कानूनी संभावना तलाशनी चाहिए। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि फैसले के बाद बनर्जी की विश्वसनीयता और वैधता खत्म हो गयी है। बनर्जी की इस बात पर कि वह मानवीय आधार पर फैसले को स्वीकार नहीं कर सकतीं। पात्रा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को उन पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को उन अभ्यर्थियों की पहचान करने का सुझाव दिया था, जिनकी भर्ती भ्रष्ट तरीकों से हुई थी। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ममता बनर्जी को अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अगर उनमें जरा भी जिम्मेदारी का अहसास बचा है, तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। वह निश्चित रूप से जेल जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि हमने तथ्यों का अध्ययन किया है। पूरी चयन प्रक्रिया हेरफेर और धोखाधड़ी से दूषित है व विश्वसनीयता और वैलिडिटी खत्म हो गई है। दखल देने का कोई भी मतलब नहीं है। दागी उम्मीदवारों को बर्खास्त किया जाना चाहिए और नियुक्तियां धोखाधड़ी और इस प्रकार धोखाधड़ी का परिणाम थीं। बेंच ने यह भी कहा कि पहले से नियुक्त कैंडिडेट्स को अब तक दिया गया वेतन सौंपने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों को छूट देते हुए कहा है कि वे अपनी वर्तमान पोस्टिंग पर बने रह सकते हैं। कोर्ट ने आगे आदेश दिया कि नयी चयन प्रक्रिया तीन महीने के अंदर पूरी की जानी चाहिए। कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि नयी चयन प्रक्रिया में बेदाग उम्मीदवारों के लिए छूट भी दी जा सकती है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'गुन्डे' 'जेल' 'सियासत' 'खलबली'

जो हैं बाहर बैठे गुन्डे उनकी है हालत खराब,
जेल में बैठा हुआ गुण्डा सियासत कर रहा।
इस समय के सारे गुण्डों में मची है खलबली,
वक़्त भी गुण्डों को अब अच्छी नसीहत कर रहा।

ओ३म् शान्तिः
रस्म पगड़ी
ओ३म् शान्तिः



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी
श्री धनप्रकाश त्यागी (एडवोकेट) सुपुत्र स्व0 श्री ब्रह्मानन्द त्यागी
(कुलसत वाले) का आकस्मिक निधन दिनांक 26 मार्च 2025,
दिन बुधवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी, आज दिनांक 6 अप्रैल 2025 दिन- रविवार
को होनी निश्चित हुई है।

हवन — प्रातः 09:00 बजे
ब्रह्मभोज — दोहपर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी — अपराह्न 02:00 बजे

स्थान:- अर्पण बैंकेट हॉल,
निकट होटल स्वागत महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-
इं0 विदित कुमार त्यागी-सोनिया त्यागी (पुत्र-पुत्रवधु)
अक्षत त्यागी, आरव त्यागी (पौत्र)
एवं समस्त त्यागी परिवार

निवास:- 214/2, साउथ सिविल लाइन,
बुलेटिन वाली गली, मुजफ्फरनगर।
M. 9837452518, 8439673858







# श्री वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन को लगी भक्तों की लंबी कतारे

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** चैत्र नवरात्र महोत्सव की धूम के बीच शनिवार को देशभर में श्रीदुर्गा अष्टमी की धूम चहुंओर देखने को मिली। इस बीच घरों से मंदिर तक मां दुर्गा का गुणगान होने के साथ ही श्री दुर्गा स्वरूपा नौ देवियों के पूजन की कड़ी में मां दुर्गा के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय रहा। इस बीच नगर के काली नदी घाट स्थित पौराणिक सिद्धपीठ देवी मंदिर के साथ श्री आत्मबोध आश्रम मंदिर में भक्तों की दर्शन को लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं गांधी कॉलोनी स्थित श्री वैष्णो देवी मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में पूजा के साथ देवी दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। नई मंडी गांधी कालोनी स्थित श्री वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में पूर्व वर्षों की भांति भोर होने के साथ माता रानी की पूजा के साथ उन्हें भोग लगाने की खातिर बड़ी संख्या में भक्तों की लंबी कतारें मां के स्वरूपों के दर्शन को लगी रही। इस दौरान मंदिर समिति की ओर से माता रानी के नौ स्वरूपों की विशेष सज्जा किए जाने के साथ समिति के जारी प्रयासों के बीच तमाम व्यवस्थाएं की गई, लेकिन भक्तों की बढ़ी संख्या के बीच लंबी कतारें लगने के कारण श्रद्धालुओं को प्रसाद चढ़ाने के लिए लंबा इंतजार भी करना पड़ा।

इस दौरान भक्तों का मां को प्रसाद के साथ छत्र व श्रृंगार का सामान चढ़ाने का क्रम जारी रहा। ऐसे में भक्तों ने मां की आराधना के साथ कीर्तन का आयोजन किया। श्री वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में व्यवस्था को बनाने में मुख्य रूप से प्रबंध समिति का सहयोग रहा। उधर, नई मंडी के भरतिया कॉलोनी स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर एवं संजय मार्ग स्थित जय मां शक्ति मंदिर प्रांगण में नवरात्र महोत्सव के दौरान महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन कर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का इस बीच गुणगान किया गया। सुभाष नगर शिव-शक्ति शनि मंदिर में पंडित योगेश शर्मा के सान्निध्य में तमाम श्रद्धालु भक्ति की ज्ञान गंगा में डुबकी लगाते दिखाई दिए।

# कन्या पूजन के साथ दुर्गा अष्टमी पर्व की रही दिनभर धूम

**- घरों से मंदिरों तक गूंजे मां के जयकारे, मंदिरों में लगी कतारें - भजन-कीर्तन के साथ घरों व मंदिरों में हुए यज्ञ के आयोजन**



**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** चैत्र माह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ शुरू हुआ नवरात्र महोत्सव शनिवार को श्री दुर्गा अष्टमी को कन्या पूजन के बीच में अपने अंतिम सोपान की ओर अग्रसर हो गया। इन्हीं बढ़ते कदमों के बीच शनिवार में कन्या पूजन के साथ श्रद्धालुओं के एक सप्ताह से चल रहे व्रत का पारायण हवन-पूजन एवं कन्या पूजन के रूप में संपन्न हुआ। महोत्सव की इस कड़ी में घरों से मंदिरों तक भोर होने के साथ शुरू पूजा का क्रम दोपहर बाद तक जारी रहा। दुर्गा अष्टमी में जिन हिन्दू परिवारों में पूजा की परम्परा है, वहां घरों में कन्या पूजन व यज्ञादि के साथ भोजन प्रसाद वितरण समेत देवी स्वरूपा कन्याओं को उपहार भेंट किए गए। वहीं अधिकांश मंदिरों के साथ देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं नवरात्र महोत्सव के बीच भजन कीर्तन एवं जागरण के आयोजनों में माता रानी की पूजा-आराधना का क्रम जारी रही। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के साथ नव संवत्सर के आगाज के बीच मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना के साथ नवरात्र महोत्सव नगर मुख्यालय से गांव स्तर तक अंतिम सोपान की ओर अग्रसर है। शनिवार को श्री दुर्गा महोत्सव के 8वें दिन घरों से मंदिरों तक महागौरी पूजन किया गया। श्रीदुर्गा अष्टमी पूजन करने वाले परिवारों के घरों में इस दौरान भोर फटने के साथ कन्या पूजन की तैयारियों के बीच महोत्सव संपन्न हो गया। बीते आठ दिनों से व्रत रखने वाले भक्तों ने कन्या पूजन करते हुए अपना व्रत खोला। ऐसे में गांव-देहात से नगर मुख्यालय तक इसके लिए सुबह से ही घरों में कन्या पूजन के लिए ढूंढने व सबसे पहले अपने घरों में लाने को भक्तों की गलियों व घरों के बाहर लाइनें लगी रही। वहीं घरों में कन्या पूजन के दौरान उनके चरण धोकर, तिलक लगाने एवं भोग प्रसाद के साथ उपहार देकर विदाई स्वरूप नकद धनराशि भी दी गई। इस बीच छोटी कन्याओं के साथ में लांगुर के रूप में छोटे लड़कों का भी पूजन किया गया। सनातन संस्कृति में वैसे तो प्रायः अष्टमी पर 7 या 9 कन्याओं के पूजन की परंपरा रही है। ऐसे में कुछ घरों में अगर कम कन्याएं मिलीं तो उनसे काम चलाते देखा गया। इस दौरान परिवारों में मां दुर्गा पूजन के साथ घरों से मंदिरों तक भजन कीर्तन के आयोजन भी जारी रहे। उधर, घरों के साथ मंदिरों में श्री दुर्गा अष्टमी पर्व पर सुबह से मां दुर्गा के भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। इन भक्तों ने मां की आराधना करते हुए घंटा ध्वनि कर माता के जयकारों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। वहीं कई मंदिरों में मां के भजन गूंजते रहे। गांधी कालोनी श्री मां वैष्णो देवी मंदिर के साथ क्षेत्र में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, सुभाषनगर स्थित श्री शिव-शक्ति शनि मंदिर, संकट हरणी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में मां दुर्गा का गुणगान जारी रहा। वहीं नगर के नदी रोड के श्री आत्मबोध आश्रम मंदिर, श्री जय मां शक्ति मंदिर भरतिया कालोनी, देवी मंदिर नुमाईश कैंप, जय मां शक्ति मंदिर पटेलनगर, श्यामा श्याम मंदिर गांधीनगर, संकीर्तन भवन नई मंडी, छारिया वाला मंदिर समेत शहर के मौहल्ला साकेत, इन्दिरा कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, आर्यपुरी, रामपुरी, जनकपुरी, केवलपुरी समेत अन्य देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा के साथ प्रसाद चढ़ाया।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो।
साक्षात्कार का समय:-
प्रात:10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

# महर्षि कश्यप जयंती पर बड़े धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** भगवान महर्षि कश्यप जयंती शनिवार को शामली रोड काली नदी के पास महर्षि कश्यप चौक पर कश्यप समाज के लोगों ने बड़े हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाई। इस बीच कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे समाज के लोगों के चलते पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल दिखाई दिया। इस दौरान कश्यप समाज की ओर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा सांसद हरेंद्र मलिक के साथ अन्य अतिथियों ने शोभायात्रा का पूजा-अर्चना के बाद शुभारंभ किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक नवीन कश्यप ने तमाम अतिथियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों ने शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर महर्षि कश्यप के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि कश्यप न केवल एक महान ऋषि थे बल्कि समाज को जोड़ने वाले आदर्श पुरुष भी थे। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों पर चलने और समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान समाज के युवाओं को संगठित होने, सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे आकर कश्यप समाज को शिक्षित, संगठित और सशक्त बनाना चाहिए। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद हरेंद्र मलिक ने सभी को महर्षि कश्यप जयंती की सभी को शुभकामनाएं दीं और समाज में भाईचारा व एकता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके सिद्धांत समाज के लिए भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण काली नदी पुल से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा रही, जिसमें सजी-धजी झांकियां, डीजे और पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं ने हिस्सा लिया। इस बीच शोभायात्रा ने शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरते हुए एकता और संस्कृति का संदेश दिया। इस नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन ऐतिहासिक व यादगार बन गया। इस दौरान भगवान महर्षि कश्यप चौक समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन कश्यप, प्रभारी राधेश्याम कश्यप, प्रबंधक महेश कश्यप, अनमोल कश्यप, नीरज कश्यप सहित भारी संख्या में कश्यप समाज के युवा मौजूद रहे।



Available
Commercial
Space 2000 Sq.ft.
FOR RENT
Opp. PNB lane, 1st floor,
KAMBALWALA BAGH, New Mandi
Suitable for Office,
Godown Etc.
Contact:-
M.9837086866

# संभल के पुलिस स्टेशन में लगी भीषण आग, बाहर भागे पुलिसकर्मी, कई वाहन जलकर खाक



**संभल, 05 अप्रैल (एजेंसी)।** यूपी के संभल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पुलिस स्टेशन में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई है। आग लगने से पुलिस प्रशासन में अफरा तफरी मच गई है। आग लगने के बाद पुलिसकर्मी थाने से बाहर भाग निकले। ये आग इतनी भयानक थी कि उसने थाना परिसर में कई गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। कई वाहन जलकर खाक भी हो गए। सूत्रों के अनुसार, हाई टेंशन लाइट के तार गिरने की वजह से ये आग लगी है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। मामला हयातनगर थाना परिसर का है। कुछ समय पहले ही यूपी के नोएडा में सेक्टर-18 स्थित एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गई थी। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद थीं। ये आग कृष्ण अपरा प्लाजा के बेसमेंट में लगी थी, जिसके बाद यह पहले से होते हुए दूसरे फ़्लोर तक जा पहुंची। यहां बेसमेंट में काम कर रहे कुछ लोग जान बचाने के लिए ऊपर की तरफ भागे। आग लगते ही मार्केट के आसपास अफरा-तफरी मच गई और सैकड़ों की संख्या में लोग बाहर निकल आए। आग लगने और धुआं भरने के बाद मार्केट से कई लोग नीचे कूद गए और इसमें कुछ चोटिल भी हो गए। घटना का वीडियो सामने आया, जिसमें लोग बिल्डिंग से कूदते हुए नजर आए। सेक्टर-18 की कॉमर्शियल बिल्डिंग में लगी आग में 7 लोग घायल हुए। इन्हें उपचार के लिए सेक्टर-27 के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि गनीमत ये रही कि फायर विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग को बुझाया। दमकल कर्मियों ने कुछ लोगों को अंदर से भी निकाला। जो लोग अंदर फंसे हुए थे, वह लोग मुंह पर गमछा बांधकर या रुमाल रख बाहर की ओर आए। आग लगने के बाद कॉम्प्लेक्स के परिसर में फंसे लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिला। कहा जा रहा है कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के भीतर फंसे लोगों ने बचने के लिए शीशे तोड़ दिए। इस कॉम्प्लेक्स में कई कंपनियों के दफ्तर हैं। आग लगने के बाद ग्राउंड फ्लोर पर काम करने वाले बाहर निकलने में सफल रहे।

# वर्क ऑर्डर दफ्तर में वापस कर काम करने पर फंसे ठेकेदार

**- बिना आदेश के कार्य किए जाने से बढ़ी ठेकेदारों की चिंता**

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** पालिका में निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर को लेकर रचे गए चक्रव्यूह में कुछ ठेकेदार बुरी तरह से फंसते दिखाई दे रहे हैं। 15वें वित्त एवं राज्य वित्त आयोग से पालिका से बीते 28 फरवरी को निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए थे, जिनमें कुछ ठेकेदारों से जारी किए वर्क ऑर्डर बाद में वापस ले लिए, जबकि उक्त ठेकेदारों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों पर कार्य शुरू कर दिया गया है। ऐसे में बिना वर्क ऑर्डर के काम करने पर उनकी गर्दन फंसी है। वहीं ऐसे क्षेत्रों पर निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा सत्यापन भी किया जा चुका है। उधर, ईओ द्वारा की गई जांच पर भी सवाल उठ रहे है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगर के विकास को पंख लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच 15वें वित्त और राज्य वित्त से निर्माण कार्य कराने के लिए बीते दिनों टेंडर निकाले थे। टेंडर खुलने पर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए 28 फरवरी को ठेकेदारों को वर्क ऑर्डर दे दिए गए। इसके बाद 7 मार्च को हुई बजट बैठक में 41 सभासदों द्वारा एई निर्माण पर गंभीर आरोप लगाते हुए टेंडरों को लेकर शिकायत की गई। यह शिकायत होने पर पालिका द्वारा कुछ ठेकेदारों से वर्क ऑर्डर फिर से वापस ले लिए गए, जबकि उक्त ठेकेदारों ने ब्रह्मपुरी, जाट कालोनी, गांधी कॉलोनी, उत्तरी कृष्णापुरी आदि कई क्षेत्रों में काम किया जा रहा है। यहां पर निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा सत्यापन भी किया जा चुका है। ऐसे में बिना वर्क ऑर्डर काम होने पर उक्त ठेकेदार बुरी तरह से फंस चुके है। सूत्रों का कहना है कि इन ठेकेदारों को दोबारा से वर्क ऑर्डर दिए जाने की तैयारी है, लेकिन काम पहले से चल रहा है। उधर, कुछ सभासदों ने ईओ की जांच पर सवाल खड़े किए हैं। इन सभासदों का कहना है कि ईओ तकनीकी अधिकारी नहीं है। यह जांच तकनीकी अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।

तुरंत आवश्यकता है
केबल टीवी, इंटरनेट कार्य हेतु ट्रेंड लड़कों की। नई मंडी क्षेत्र के निवासी को प्राथमिकता।
तुरंत संपर्क करें
M.9897600300


# मकान मालिक के पुत्रों ने घर का सामान बाहर फेंका

**- महिला किराएदार को मारपीट कर घर से निकाला**



**बुढ़ाना, 05 अप्रैल (बु.)।** मकान मालिक के पुत्रों ने अपनी मां के साथ मिलकर एक किराएदार महिला को मारपीट कर घर से बाहर निकालकर उसका घरेलू सामान भी सड़क पर फेंक दिया। आरोप के मुताबिक महिला के साथ छेड़छाड़ भी की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के चंधेड़ी रोड निवासी एक महिला ने शनिवार को एक तहरीर बुढ़ाना पुलिस को देते हुए बताया कि वो अपने बच्चों संग 2 वर्ष से मुनफैत पुत्र जमशेद के मकान में किराये पर रह रही है। उसका पति शराबी है, जो उसके संग नही रहता। वह अपने बच्चों संग रहती है। बीती 02 अप्रैल की देर शाम मकान मालिक के पुत्र सोनू कल्लू, व मन्नू और उनकी मां शमशीदा एक राय होकर उसके कमरे में घुसे और उसे गाली देते हुए घर से धक्के देकर बाहर निकाल दिया और अभद्र व्यवहार किया। तीनों भाईयों ने उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश की और उसका सारा सामान कमरे से बाहर गली में फेंक दिया और कहा कि इस घर से तुरंत निकल जा। उन्होंने उसके बच्चों को भी मारपीट कर बाहर निकाल दिया, जब उसके पिता सूचना मिलने पर मौके पर आए तो उनके साथ भी मारपीट कर गाली गलौच की। उन पर 6 माह का एडवांस किराया भी गया हुआ है। वो टाइम से घर का किराया भी दे रही है। मकान मालिक के पुत्रों ने उसे घर खाली करने का कोई नोटिस भी नहीं दिया और ना ही उसे कोई मौखिक सूचना दी। बस एकदम सामान बाहर फैंक दिया। अब वह गली में ही खुले आसमान के नीचे पड़ी है। अब पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

JOB OPPORTUNITY
Eligibility-BE/ Diploma Mechanical
Experience in (Quality Management System)
Manufacturing Unit 5 to 10 years only
to be considered.
JOB ROLE:-
1. Internal Audits.
2. To maintain QMS (Quality Management System) as per ISO 9001:2015.
3. Hydraulic Deep Drawn Machine Pressure, Die and Mould experience.
4. Coustemer Compliance Experience.
5. Incorporation Inspection Experience.
6. Final Inspection.
7. Welding Knowledge Stainless steel (TIG welding).
Please Share Your Resume On
9358909840



# आगरा में पैराशूट न खुलने से एयरफोर्स अफसर की मौत, धोनी को भी दी थी ट्रेनिंग



**आगरा, 05 अप्रैल (एजेंसी)।** पैराशूट नहीं खुलने से भारतीय वायुसेना के वारंट अफसर की मौत हो गई। हादसा आगरा में आकाश गंगा स्काईडाइविंग की डेमो ड्रॉप इवेंट के दौरान हुआ। भारतीय वायुसेना की सूचना पर वारंट अफसर के परिवार में कोहराम मच गया। प्रतापगढ़ जिले के गांव बेलहा के रहने वाले 41 वर्षीय राजकुमार तिवारी आगरा में भारतीय वायुसेना में वारंट अफसर थे। आरके तिवारी अपनी पत्नी प्रीति तिवारी, बेटे यश (14) और कुश (10) के साथ आगरा में ही रहते थे। आरके तिवारी शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे भारतीय वायुसेना की आकाश गंगा स्काईडाइविंग टीम के साथ जवानों को भारतीय वायुसेना के विमान से जंप करने की ट्रेनिंग दे रहे थे, तभी जवानों के साथ जंप करते समय उनका पैराशूट नहीं खुला, जिससे आरके तिवारी सीधे जमीन पर गिर गए। जमीन पर सीधे गिरने से एयरफोर्स अफसर के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई। तत्काल उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान करीब 11.40 बजे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी बेसुध हो गई। **धोनी को भी दी थी ट्रेनिंग :** पैराट्रूपर राजकुमार तिवारी ने 2002 में एयरफोर्स जॉइन की थी। उन्होंने एयरक्राफ्ट से सैकड़ों छलांग लगाई थी। वह कुशल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके थे। इसी कारण वह पैराट्रूपर जंप इंस्ट्रक्टर बनाए गए थे और जवानों को ट्रेनिंग देते थे। बताया जाता है कि आगरा में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को भी जंप की ट्रेनिंग दी थी।

# सोमवार को शहर में कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** आगामी सोमवार 7 अप्रैल को प्रातः10 बजे से सायं 4 बजे तक नगरीय क्षेत्र के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह शटडाउन आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 33 केवी लाइन के नगर क्षेत्र में जर्जर तारों और खंभों के प्रतिस्थापन कार्य के चलते किया जा रहा है। शनिवार को इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार 33/11 केवी उपकेंद्र टीपी नगर को पोषित करने वाली लाइन के कार्य के बीच बंद रखा जाएगा।

विद्युत विभाग के अनुसार इस कार्य के चलते सोमवार को मुख्य रूप से सिद्धबली फर्नेस, रुड़की रोड, अरेवा और सुजडू से जुड़े 33 केवी लाइनें प्रभावित रहेंगी। इसके चलते गांधी नगर, शांति नगर, तुलसी नगर, कूकड़ा, टीपी नगर, भोपा रोड, रुड़की रोड, आनंदपुरी, रामपुरी, एकता विहार एवं सुजडू आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने इस असुविधा के लिए उपभोक्ताओं से खेद प्रकट करते हुए सहयोग की अपील की है।

